मुम्बई की शांति भंग करने वाले थर्रा जाएंगे जब निकलेगी डॉग इलेवन।
तभी डोगा के ट्रांसमीटर पर गूंजने लगे नागराज के स्वर-

यहां शैतान कर रहे थे कहर बरसाने की तैयारी।
जिनका नेतृत्व शेरखान कर रहा था।
इमारत के चारों तरफ कुत्तों का पहरा है।
गर्र्र्र...

तो ये हैं वो हिन्दुस्तानी कुत्ते, जिनको पालतू बनाने का चैलेंज दे रहा था नागराज।
इन कुत्तों की औकात शेरखान के आगे चूहों से ज्यादा नहीं।

अभी ये सब... ...शेरखान के कदमों में लोट लगाएंगे।
फिर चैलेंज के मुताबिक नागराज को करनी होगी मेरी गुलामी।
गर्र्र

कंटीला चाबुक प्रहरियों को छू भी पाता कि एक आंधी सी उन्हें उड़ाती ले गई।
अरे! ये क्या था? कुत्ते कहां गए?
उन कुत्तों ने भी हमें देख लिया है।
आओ हिन्दुस्तानी मेमनों शेरखान का चाबुक तुम्हारी खाल उधेड़ देगा।
जुरुऽऽऽऽऽऽऽम!!!
ओह! फिर वही आंधी!!
फिर हो गए कुत्ते और हवलदार गायब!

शेरखान! नौ और खूंखार कुत्ते हमारी तरफ दौड़े आ रहे हैं।
ये काफी खूंखार हैं।
मैं गोली चला रहा हूं।
वुफ
वुफ
गर्र्र
गोली मत चलाना। अंदर सब एलर्ट हो जाएंगे।
शेरखान है तुम्हारे साथ। घोड़े, शेर, हाथी, गैंडे कैसे भी बिगड़ैल जंगली जानवरों को पालतू बनाया है मैंने अपने इस चाबुक से, फिर ये तो सिर्फ कुत्ते हैं।
इसका पंजा स्टील का है। आह!
मेरी कलाई की हड्डी तोड़ दी इसने।
वुफ
मेरी टांग चबा गया ये। आह!
इसने अपने स्टील के दांतों से गन की नाल ही तोड़ डाली।
गर्र्र
वुफ
मेरी खाल को नहीं चीर पाओगे।
वुफ
गर्र्र
वुफ
गर्र्र
सड़ाक
मेरा चाबुक चीर-फाड़ डालेगा तुम सबको।
बिल्डिंग के दूसरे हिस्से में-
उस ओर से कुत्तों का तेज शोर आ रहा है। हवलदारों से वायरलैस पर कांटेक्ट नहीं हो पा रहा है। देखना चाहिए।

Amaan
इनके लिए रास्ता साफ हो गया था।
MUMBAI POLICE HEADQUARTER
जल्दी चलो। रास्ता साफ है वरना हवलदार और कुत्ते वापस आ धमकेंगे।
इधर डॉग इलेवन पर दूसरा वार नहीं कर पाया था शेरखान कि-
ओह! ये वही आंधी थी।
घर्रर्रर्र
कुत्ते की गुर्राहट का शोर था उस आंधी में।
उस आंधी ने ही मुझ पर प्रहार किया था। वही कुत्तों को भी बचा ले गई थी।
कड़ंच्च!!!
MBB-2101 B
कौन खड़ा है वहां अंधेरे में। ओह! तू ही है जो कायरों की तरह छुप कर वार कर रहा है शेरखान पर। इस इंजन से निकलने वाली गुर्राहट को मैं पहचान चुका हूं।
तो फिर मुझे भी पहचान ले।
कुत्ते का मास्क क्यों लगा रखा है तूने? ओह...

Amaan
...तो तू है वो हिन्दुस्तानी कुत्ता, जिसके बारे में नागराज ने कहा था।
भड़
गुर्रर्र
भड़ भड़
और तू ही है वो घुसपैठिस्तानी शैतान जिसके बारे में नागराज ने मुझे बताया था।
अब देख मैं कैसे तेजी से घूमते इस टायर से तेरे चेहरे की शैतानियत खुरच कर वहां डरे हुए चूहे का चेहरा बनाता हूं।
भड़
भड़
तुझे तो मैं कुत्ते की मौत मारूंगा।
भड़
गुर्रर्र
तेरी औकात है भी नहीं कि तू कुत्ता पाल सके...
...क्योंकि शेरखान शेर पालता है! कुत्ते नहीं...
गुर्रर्रड़ड़
...वो भी हिन्दुस्तानी!
थड़!!!
तू सीमा पार करके इधर आ तो गया शेरखान लेकिन अब डोगा तुझे जिंदगी की सरहद पार कराकर मौत की सीमा में भेज देगा।
उधेड़ दूंगा। तुझे उधेड़ दूंगा डोगा।
सड़ाक

मुम्बई पुलिस मुख्यालय में ही घुस गए थे वो शैतान-

शेरखान के शरीर में जैसे पूरे जंगल के शेरों की ताकत थी।
थड़ड़ड़ कड़ंच्च
धाड़!!!
थड़!!!
कहां है वो नागराज? आकर देखता क्यों नहीं कि मैंने उसके इस हिन्दुस्तानी कुत्ते को पालतू बना ही डाला है...

आ नागराज इस हिन्दुस्तानी कुत्ते की जान बचाने के लिए मेरे पैरों में गिर कर रहम की भीख मांग।

पुलिस मुख्यालय के अंदर एक विशेष कक्ष में-
अण्डर वर्ल्ड डॉन दादा! एण्टी टेररिज्म स्क्वैड के इस हैड क्वार्टर पर तुम्हारे ही साथियों ने तुम्हें छुड़वाने के लिए ये हमला किया है। लेकिन उन्होंने मौत के दरवाजे पर दस्तक दी है।

वो यहां से जिंदा बच कर नहीं जा पाएंगे। तुम अपनी खैर चाहते हो तो कुबूल करो कि तुम्हारा संबंध किसी आतंकवादी दल के अलावा घुसपैठिस्तान सरकार की खुफिया एजेन्सीज से भी है।
तुम हमसे कुछ भी कुबुलवा नहीं पाओगे अफसर। और ना ही हमें यहां रोक पाओगे।
एक बार मैं यहां से छूट गया तो पूरी मुम्बई में आतंक का ऐसा मंजर दिखाऊंगा कि तौबा बोल जाओगे।
यह मुम्बई पुलिस मुख्यालय है। यहां तक कोई नहीं पहुंच पाएगा।
तू नहीं जानता ऑफिसर जो यहां आए हैं वो बलाएं हैं। अब मुम्बई होगा तबाह।
शेरखान डोगा के मुंह से तौबा बुलवाने को तैयार था-
डोगा बिगड़ैल जानवर को पालतू बनाने के लिए पीट-पीटकर उसके ताकत का गरूर तोड़ना बहुत जरूरी है।
गरूर टूटते ही शेर भी पिल्ला बन जाता है
53

तू घुसपैठिस्तान का शेर है।
लेकिन इस हिन्दुस्तानी कुत्ते के एक ही वार ने तेरा दम निकाल दिया।
म...मान गया। हिन्दुस्तान का कुत्ता घुसपैठिस्तान के शेर से ज्यादा ता...क.त.व.र होता है...
शेरखान के मुंह से निकलने वाले वो अंतिम शब्द थे।
उसी समय अंदर-
दाद भाई! अब फिक्र मत करो। हम आ गए हैं घुसपैठिस्तान से तुम्हें छुड़ाने।
यही तो योजना थी चीफ की कि नागराज के बदले अपने पांच आदमी देंगे फिर अपने आदमी भेज कर तुम पांचों को छुड़ा लेंगे।
अब मुम्बई का वो हाल करूंगा। वो आतंक मचाऊंगा कि इस देश का बच्चा-बच्चा मेरे नाम से कांपेगा। मेरा सामान लाया है लांचर।
हां भाई ये लो।
कमाण्डर पिशाचनी। हमारे सारे आदमियों को एलर्ट कर और तू हैड क्वार्टर पहुंच। मैं वहीं आ रहा हूं।

डॉग इलेवन के कटाना ने अपने लोहे के दांतों से।
कड़क
टाइटेनियम ने अपने स्टील के पंजों से-
स्क्रिंच
डोग्मा ने अपने जुनून से।
गर्र्र
आर्मर, स्नाइपर, इरेजर, स्प्रिंटर, सुपर स्नीफर और डॉग स्टार ने अपनी एकता की ताकत व जौहर से शेष चार आतंकवादियों की हड्डियां व मासं भंभोड़ डाले थे।
डॉग इलेवन अपनी लड़ाई जीत चुकी थी-
लेकिन मुजरिम भी कैद से आजाद हो चुका था-
बूम्म!!!

डॉग इलेवन पर हुआ एक और हमला-
कसम तेजाब की जो तेजाबी के रास्ते में आया उसे गला डालूंगा।
डोगा ने देखी तेजाबी के तेजाब की ताकत-
खनाक!!!
ओह!
कड़च्च
भड़ाक
उसी समय मुम्बई पुलिस मुख्यालय का मेन गेट तोड़ता हुआ वो ट्रक दनदनाता निकलता चला गया-
ओह! इस ट्रक में जरूर आतंकवादी दाद को छुड़वा कर ले गए हैं।
तेजाबी मेरा समय खराब कर रहा है। 14 साल बाद तो दाद हिन्दुस्तान की पकड़ में आया वो फिर फरार हो जाएगा।
1993 के पीड़ितों के जख्म फिर हरे हो जाएंगे। दाद की सजा के लिए तड़पती उनकी आत्माएं तड़पती रह जाएंगी।
डोगा ऐसा नहीं होने देगा।
डोगा की गोली चीर नहीं पाई थी तेजाबी के शरीर पर चढ़े प्लास्टिक के खोल को।
धांय
इस बार दाद को सजा-ए-मौत जरूर मिलेगी।
हाहाहा। एक बार मेरे दुश्मनों ने मुझे तेजाब के ड्रम में गिरा दिया था उसके बाद मैंने अपने शरीर पर ये प्लास्टिक का खोल चढ़ा लिया था जो गोली और एसिड प्रूफ है।

गोली और एसिड प्रूफ है। लेकिन क्या डोगा के गुस्से को झेल पाएगा तेरा ये खोल?
देखा। ये है डोगा की गुस्सा गन।
जो उसके गुस्से और जुनून को प्रलयंकारी ऊर्जा में बदलकर दुश्मनों को खत्म करती है।
आतंकवादियों। आओ डोगा की मुम्बई में। भड़काओ उसका गुस्सा और फिर देखो, उसके गुस्से का कहर कैसे राख बनाता है आतंकवादियों को।
कड़ड़ड
आह! नहीं!
फटक

अगले ही पल दसों आतंकवादी सड़क पर पड़े तड़प रहे थे-
डोगा ने सोलह घुसपैठियों को नरक पहुंचा दिया उन्नीस अभी बाकी हैं।
नागराज की चुनौती का मान जरूर रखेगा डोगा।
डोगा के रहते मुम्बई को नागराज की जरूरत नहीं पड़ेगी।
दाद पहुंच चुका था अपने हैड क्वाटर व्हाइट हाउस में-
पिशाचनी व्हाइट हाउस में आपका स्वागत करती है दादभाई।
तू तो मुझे भाई ना बोला कर पिशाचनी। 16 साल बाद मिली हो फिर भी नकाब में। यह चिलमन हटा हम तेरा चेहरा देखने को तरस गए हैं।
यह चेहरा अब पूरे विश्व के दिलों की धड़कन बन चुका है दाद भाई। इस पर दाग लग जाएगा।
ओह मिशन कॉरपोरेट ब्लास्ट का नाम लेकर तो तूने हमारी सारी दिवानगी काफूर कर दी।
चेहरा भी जल्दी बेनकाब करूंगी पहले मिशन कॉरपोरेट ब्लास्ट तो सफल हो जाए।
सही कहा तूने पहले हिन्दुस्तान को सुला दें फिर जाम टकराएंगे।
आप मुझे अपना प्लान समझाएं।
मैंने दाद कम्पनी के सभी फर्माबर्दारों को एलर्ट कर दिया है। आपके आदेश की राह बड़ी बेसब्री से देखी जा रही है।
पिशाचनी तुम्हें पता है कि दाद कम्पनी के आदमी हमारे फर्माबर्दार क्यों थे?
क्यों वो हमारे आदेश पर किसी की भी जान ले लेते थे और अपनी जान दे देते थे?
वो सभी आपकी इज्जत करते थे दादभाई।
नहीं पिशाचनी।
वो डरते थे। उन्हें इस दुनिया का सबसे बड़ा डर था। मौत का डर। मैंने उन सभी के शरीरों के अंदर बम फिट कर रखे थे।

ओह! तभी वो कभी आपका हुक्म नहीं टालते थे।
गलत!
पिशाचनी वो सभी दिलेर थे अपनी मौत के डर को तो शायद जीत भी लेते लेकिन मैंने उनके करीबी रिश्तेदारों के शरीरों में जो बम फिट किए थे।
उनकी मौत के डर से कभी कोई नहीं जीत पाया। अब यही डर मिशन कॉरपोरेट ब्लास्ट को सफल बनाएगा। ये 2000 लोग पूरी मुम्बई में मौत का खेल खेलेंगे। अपनों को बचाने के लिए अपनों को मार डालेंगे।

लेकिन किसी को मारने के लिए इनके पास हथियार कहां से आएंगे?
हथियार!
दादभाई के लिए हथियार क्या समस्या है पिशाचनी। हथियार तो मेरा धंधा है।
लेकिन इस मिशन के लिए मुझे अपने हथियारों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। हिन्दुस्तान के हथियार ही हिन्दुस्तानियों का खून बहाएंगे।
वो कैसे दाद भाई?

अच्छा सवाल है। यह सवाल ही तो इस मिशन की जान है।
26/11 के हमले के बाद हिन्दुस्तान की नामचीन हस्तियां, कॉरपोरेट वर्ल्ड और बॉलीवुड होम मिनिस्टर से मिले।
इस हमले में हिन्दुस्तान की क्रीमी लेयर निशाना बनी थी। इन लोगों ने सरकार से अपने सिक्युरिटी गार्ड्स को A.K. 47 गनों के लाइसेंस देने की मांग उठाई।
सरकार ने इनके दबाव में आकर इनके लिए यह लाइसेंस खोल दिए।
बड़ी संख्या में इन खतरनाक गनों की खरीदारी की गई।
नए निशानेबाज गार्ड्स की भर्तियां हुईं।
अब हमारे शार्प शूटर्स से अच्छे निशाने बाज कहां मिलते। हमने अपने आदमियों को इन नौकरियों में भर्ती होने के लिए बोला।
आज हर करोड़पति के घर, ऑफिस पर हमारे आदमी A.K. 47 लिए उनकी सुरक्षा के लिए खड़े हैं।
हां पिशाचनी दाद कम्पनी के फर्माबर्दार शार्प शूटर्स आज लाइसेंस धारक सुरक्षाकर्मी बन बैठे हैं। हाहाहा।
आज हमारे निशाने पर है मुम्बई का कॉरपोरेट वर्ल्ड और बॉलीवुड।
हिन्दुस्तान के आर्थिक ढांचे में 40% इनकम टैक्स मुम्बई से जाता है। 60% कस्टम ड्यूटी मुम्बई की इंडस्ट्री भरती है। इंडियन GPD का 50% मुम्बई पैदा करती है। मुम्बई का इंडस्ट्रियल आउट पुट देश का 25% है।
दुनिया के टॉप 10 व्यवसायिक शहरों में से एक है मुम्बई।
दुनिया की हर बड़ी कम्पनी का हैड ऑफिस मुम्बई में है
क्या-क्या गिनवाऊं पिशाचनी ये समझ कि मुम्बई का व्यवसायी वर्ग खत्म तो हिन्दुस्तान खत्म। यही है मिशन कॉरपोरेट ब्लास्ट।

Amaan
और यह होगा कल। कल इन सभी लोगों ने सरकार को धन्यवाद देने के लिए एक समारोह का आयोजन किया है जिसमें कॉरपोरेट वर्ल्ड और बॉलीवुड की ये तमाम हस्तियां पहुंचने वाली हैं।
वहीं हमारे आदमी इन्हें मौत के घाट उतारेंगे। ये काम चुपचाप भी किया जा सकता था। उनकी नींद में भी उन्हें मारा जा सकता था लेकिन बिना धमाके के मजा नहीं आता। एक साथ चली गोलियों से एक साथ निकली चीखों की गूंज दूर तक जाएगी पिशाचनी।
घुसपैठिस्तान में बैठे मेरे आका भी सुनेंगे और अमेरिका के सिंहासन पर बैठे काफिर कांप उठेंगे।
मैं तो कब से हिन्दुस्तान आकर इस काम को अंजाम देने की फिराक में था लेकिन कम्बख्त मौका ही नहीं मिल रहा था लेकिन भला हो उस बेवकूफ नागराज का जिसने हमारा काम आसान कर दिया।
अब तुझे बस इतना करना है कि दाद कम्पनी के फामाबर्दारों को कल शाम के लिए तैयार करना है।
यू आर जीनियस दाद भाई। मैं अभी सभी को आदेश भेजती हूं।
मुम्बई के सीने में ज्वालामुखी उबल रहा था और डोगा क्लूलेस मुम्बई की खाक छान रहा था-
सुपर स्नीफर सूंघो इस ट्रक में दाद भाई की गंध को और मुझे जल्द से जल्द वहां पहुंचाओ।
दाद भाई मुम्बई की सड़कों पर ही था।
पिशाचिनी 16 साल बाद सारी यादें ताजा हुई हैं। कल रात को तो मैं वापस घुसपैठिस्तान के लिए निकल जाऊंगा। आज की रात अपनी मनपसंद जगहों पर तुम्हारे साथ घूमना चाहता हूं।
जरूर दादभाई आज रात मैं आपको पूरी मुम्बई घुमाऊंगी।
शंकर। धंधा कैसा चल रहा है?
दादभाई आप। अरे मैं तो धन्य हो गया दादभाई।
तो दो प्लेट पावभाजी बना।
पावभाजी के बाद-
दादभाई पहुंचे बिल्लू चाय वाले के पास।
दादभाई ये लो आपकी स्पेशल चाय।
अबे बिल्लू! ये सानिया की फिल्म कब रिलीज हो रही है?
दादभाई इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। सुना है बहुत धांसू फिल्म है।

Amaan
ये साले बॉलीवुड स्टार फिल्मों में देशभक्ति दिखाते हैं। असली जिंदगी में दब्बू और डरपोक होते हैं। जरूरत पड़ने पर देश को भी बेच खाएं।
क्यों पिशाचनी?
सही कहा दादभाई। किसी का भी धर्म, ईमान नहीं है यहां।
रात से सुबह हो गई।
सुपर स्नीफर तुम मुझे आधी मुम्बई घुमा चुके हो। दस गाड़ियां तुम स्पॉट कर चुके हो। कहीं तुमने गलत गंध तो नहीं पकड़ ली है।
भौं भौं भौं
ओह! तुम्हारा कहना है कि गंध सही है उसने कई कारें बदली हैं। बहुत शातिर है वो।
दादभाई को अपने कानों पर विश्वास नहीं हो रहा था-
हां दादभाई। आपके सभी फर्माबर्दार आदेश मानने से इंकार कर रहे हैं।
उनका कहना है कि आज वो सभी एक इज्जतदार जिंदगी बसर कर रहे हैं। वो दोबारा अंडरवर्ल्ड की गंदी नाली में नहीं रेंगना चाहते।
पिशाचनी! तूने उन्हें मौत की धमकी दी?
अभी नहीं दादभाई।
तो उन्हें बोल कि अगर एक घंटे तक वो राजी ना हुए तो हर दस मिनट में एक-एक करके मारे जाएंगे।
ठीक है दादभाई अभी बोलती हूं।
एक घंटे बाद-
दादभाई अपनी जान की कीमत पर भी कोई तैयार नहीं है।
उनका कहना है कि आपके आदेश पर जो जुर्म किए वो उनकी मजबूरी थी। पेट की खातिर नमक का फर्ज अदा किया। लेकिन अब आप एक आतंकवादी हैं। अब आपका आदेश मानना देशद्रोह होगा।
ओह! देशभक्ति का कीड़ा काट गया है। पिशाचनी कहीं तुझे भी तो यह कीड़ा नहीं काट गया।
कैसी बातें करते हैं दादभाई मैं आपकी गुलाम हूं। आपके अहसानों को कैसे भूल सकती हूं? आप कहें तो परमाणु बम फोड़ दूं हिन्दुस्तान पर। आप जहां मेरी देशभक्ति वहां।
61

Amaan

शाबाश। बिल्कुल ठीक कहा तूने हिन्दुस्तान ने नमक तो दिया लेकिन मिठाई मिली घुसपैठिस्तान से। अब तू उनकी दुखती रग पर हाथ रख।
समझ गई दादभाई। अब मुझे उन्हें उनके परिवार वालों की जान की धमकी देनी है।

कुछ ही देर बाद-
दादभाई मुबारक हो। सभी आपके काम को अंजाम देने को तैयार हो गए हैं।
आपका काम सही वक्त पर हो जाएगा।
ठीक है पिशाचनी मैं चलता हूं समारोह स्थल पर। मुझे मौत का मंजर अपनी आंखों से देखना है। तुम मुझ से कनेक्टिड रहना।

दादभाई अपने साथियों के साथ निकल पड़ा।

समारोह स्थल। जहां पहुंच रहे थे मुम्बई के विशिष्ठ व्यक्ति।
अपने रक्षकों के साथ।
धन्यवाद
समारोह

होटल को शमशान बनने का नजारा देखने के लिए दादभाई भी कुछ दूरी पर खड़ा था-
दादभाई एक प्रॉब्लम हो गई हैं
अब क्या प्रॉब्लम हो गई पिशाचनी?

दादभाई हमारे आदमियों के परिवार वालों ने लोचा कर दिया। ना जाने उन्हें कैसे हमारे मिशन की खबर लग गई। वे सभी वानखेड़े स्टेडियम में इकट्ठे हो गए हैं।
और वे हमारे आदमियों के मोबाइल पर फोन करके उन्हें लानतें दे रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें देश पर मर जाने दो और अपनी जान भी दे दो लेकिन मातृभूमि को धोखा मत दो।
मैं उन्हें मारना शुरू करता हूं,इन्हें तभी अकल आएगी।
अरे! रुकिए दादभाई हमारे आदमियों ने उनकी बात मानने से इंकार कर दिया है। हमारा मिशन जरूर सक्सेस होगा। आप इत्मिनान रखें।
अब मुझे कोई बुरी खबर मत देना। वरना मैं इन सभी को खत्म कर दूंगा। इतना आतंक भी कम नहीं होगा पिशाचनी।
इससे बुरी खबर पिशाचनी नहीं दे सकती थी-
दाद कहां है?
डोगा।
डोगा के कहर से भली-भांति वाकिफ थी पिशाचनी।
डोगा दाद होटेल ताज के पास कहीं है। आज फिर होटेल ताज में होने वाला है नरसंहार ठीक एक घंटे बाद।
एक घंटे बाद होटेल ताज में-
आप सभी सिक्योरिटी गार्ड्स अंदर क्यों आ गए?
हमें आप सभी को मारने का हुक्म मिला है।

बैंक्वेट हॉल में दहशत छा गई।
अगले ही पल हॉल में गूंज उठे गोलियों के धमाके-
जिंग
जिंग
जिंग
जिंग
कुछ देर बाद ही होटेल से बाहर निकाली जा रही थीं असंख्य लाशें।
यह लोमहर्षक दृश्य देखकर खुशी से फूला ना समा रहा था दादभाई-
वाह! मेरे शेरों ने किला फतह कर लिया।
पिशाचनी। मिशन कॉरपोरेट ब्लास्ट सफल हो गया है। मैं वानखेड़े जा रहा हूं तू भी वहां पहुंच। अभी मुझे इनकी नाफरमानी का बदला भी लेना है।
मैं पहुंचती हूं दादभाई।
वानखेड़े स्टेडियम दादभाई के शार्प शूटर्स के परिवार वालों से भरा हुआ था।

दनादन गोलियां चलाते हुए दादभाई ने वहां प्रवेश किया-
धांएं धांएं धांएं
दूर-दूर हो जाओ सभी।
क्यों अम्मां! ऊंचा सुनती है क्या? मैंने कहा दूर-दूर हो जाओ।
दाद मुझे तो सही सुनता है पर तुझे सही दिखाई नहीं देता शायद पहचाना नहीं मुझे? हसन की मां हूं मैं।
तूने मेरा ऑपरेशन कराया था। मैंने तब तुझे बहुत दुआएं दी थीं। नहीं जानती थी तब कि तूने ऑपरेशन के बहाने मेरे जिस्म में बम लगा दिया था।
मैंने कितना समझाया हसन को कि बुरे काम छोड़ दे लेकिन वो नहीं सुधरा। मैंने उसे बद्दुआएं दीं। घर से निकाल दिया। क्या जानती थी मैं कि वो मेरी जिंदगी की खातिर ही अपराधी बना रहा।
लेकिन अब तेरा नकाब नुच चुका है। हम सभी ने अपने बेटों, भाईयों, पति और पिताओं के लिए अपना बलिदान देने की ठान ली है।
आज के बाद मुम्बई का कोई नौजवान अपराधी नहीं रहेगा।
अम्मां बहुत भोली है तू। दाद का काम तो हो चुका है। रही मुम्बई के अपराधियों और तुम्हारे बलिदान की बात तो तुम्हारी अंतिम इच्छा मैं जरूर पूरी करूंगा। अब तुम सभी की बारी है। सभी को एक साथ ही उड़ा दूंगा।
दाद!
शेर की दहाड़ गूंजी थी वहां

"जब मैं ताज होटेल पहुंचा ये सभी मेहमानों को घेरे खड़े थे।"

हमें दादभाई ने आप सभी को मारने का आदेश दिया है। लेकिन हम आपके सुरक्षा गार्ड हैं। हम यह गुनाह नहीं कर सकते। हम अपनी जानें देने को तैयार हैं। लेकिन दादभाई हमारे परिवारवालों को जान से मार देगा।

हम एक दूसरे पर गोलियां चलाकर खुद को मार डालेंगे। आप लोग हमारी लाशें कपड़ों में ढक कर बाहर भिजवा दीजिएगा। उसे लगेगा कि हमने उसका काम कर दिया तो शायद वो हमारे घर-परिवार वालों को छोड़ दे।

"ये सभी अपनी शहादत देने को तैयार थे और वहां सभी अचंभित थे।"

"तभी मैं इन देशभक्तों के बीच कूद पड़ा।"

नहीं कोई अपनी जान नहीं देगा। कोई मरेगा तो वो दाद मरेगा।

सभी मेहमान अपने शरीर पर टॉमेटो केचप डाल लें। सभी को शव की तरह होटल से बाहर निकाला जाएगा। आप सभी गार्ड्स प्लान के अनुसार विजेताओं की तरह गोलियां चलाते हुए बाहर निकल जाएंगे।

उसके बाद आपके परिवार वालों को बचाने का उपाय हम सब मिलकर करेंगे।

फिर वही किया गया दाद। जिन शवों को तू अपनी जीत समझ रहा था वो तेरी सबसे बड़ी हार थी।

दाद कभी नहीं हारता डोगा। अभी भी दाद के एक इशारे पर यहां मौजूद 7000 हिंदुस्तानी मारे जाएंगे। आतंकवाद का सबसे बड़ा नर संहार होगा अब यहां।

हम सभी मरने के लिए तैयार हैं दाद। आखिर हिंदुस्तान के मुजरिम हैं। सजा के हकदार हैं। लेकिन आज हम तुझे अपने साथ लेकर मरेंगे।

आ पिशाचनी।

देख कितने दिलेर हो गए ये धारावी के कीड़े। मैंने इन्हें दौलत दी, इज्जत दी। आज ये गद्दार मेरी ही जान लेना चाहते हैं!

अब तू भी देखना इनकी मौत का अंजाम। अब यहां होंगे सात हजार धमाके।

दादभाई ने मौत का बटन दबा दिया।

क्योंकि पिशाचनी ने तेरे कंट्रोल रूम में तेरे इस कम्प्यूटर प्रोग्राम को करप्ट कर दिया है दाद। यहां आते ही इसने मुझे अंगूठा उठा कर संकेत दे दिया था।

तेरे नरक की सबसे बड़ी गद्दार और हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी देशभक्त पिशाचनी ही है दाद। इसी ने मुझे तेरा सारा प्लान बताया था।

डोगा मैंने सभी सिक्युरिटी गार्ड्स के परिवार वालों को वानखेड़े स्टेडियम में एकत्रित कर लिया है। लेकिन इन सभी की जान बचाने का तरीका मुझे समझ नहीं आ रहा है। मैंने दाद को रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाई हूं।

Amaan
दादाभाई! हबू जंगल! आजाद कर दो इनकी मौत को!
हबू जंगल हमारा आखिरी हथियार था। अब नहीं बच पाएगी मुम्बई।
हबू जंगल आजाद हो गया।
इंसानी रक्त इसमें शैतानी शक्ति भर देता है।
अब इसके कहर से मुर्दों का जंगल बन जाएगी मुम्बई।
आह!
यह क्या बला है?
सिक्युरिटी गार्ड का शरीर लकवाग्रस्त होकर गिरा-
हबू जंगल द्विगुणित हो गया-
कुछ ही देर में वानखेड़े के मैदान में लगा था लकवाग्रस्त लोगों का ढेर और हबू जंगल मौत का दानव बन चुका था-
ओह! यह तो नियंत्रण से बाहर हो गया है। इसे यहीं नहीं रोका गया तो यह समस्या मुम्बई को तबाह कर देगी।

डोगा ने निकाल ली गुस्सा गन-
गुस्सा गन से बरसी डोगा के गुस्से की गरमी।
खूंख्वार होकर डोगा पर टूट पड़ा हबू जंगल।
डोगा भी गिर पड़ा लकवाग्रस्त होकर।
डॉग इलेवन जमीन पर बिखर गई थी।
मेरे अंग शिथिल हो गए हैं। मैं खुद को हिला नहीं पा रहा हूं।
किसी तरह गुस्सा गन तक पहुंच जाऊं।
डोगा की नजरें मिलीं पिशाचनी से-
पिशाचनी की मास्क में छिपी आंखों ने पहचान ली डोगा के अंतर्मन की कसक-

आतंकवादियों को मिल गया था मौका।
अब स्टेडियम में मौजूद लोगों पर पड़नी थी दोहरी मार।
उसी समय एक आंधी सी कौंधी-
इन शैतानों ने शैतानी ताकत का इस्तेमाल करके मुझे इस जंग में कूदने पर मजबूर कर दिया।
पिशाचनी ने की फायरिंग।
जिंग जिंग
दादभाई को अहसास हो गया कि उसका एक दुश्मन उसकी वैन के नीचे छुपा है।
उसके अगले फायर ने गुस्सा गन को डोगा के हाथों के पास पहुंचा दिया।
गद्दार अब तू मेरे हाथों मरेगी।

नागराज के सर्प सैनिकों ने हबू जंगल में अपना विष पहुंचा दिया-
हबू जंगल का तो वो कुछ ना बिगाड़ पाए उल्टा लोगों की जान मुसीबत में पड़ गई-
ओह! यह खतरनाक प्राणी मेरे सर्प सैनिकों के विष से जहरीले भी हो गए। अब इनके दंश लोगों की जान भी ले सकते हैं।
अग्निका!
असहाय पड़ा डोगा देख रहा था आतंकवादियों को स्टेडियम से बाहर भागते बेगुनाहों पर गोलियां बरसाते हुए-
उसका जुनून अपने चरम पर पहुंच रहा था।
उसकी उंगलियां गन पर जम गईं।
शरीर अपंग था लेकिन ज्वालामुखी से तपते दिमाग ने हाथों को हरकत दी।

पिशाचनी बनी थी दाद के गुस्से का शिकार-
बता कमजर्फ! तूने मेरे साथ गद्दारी क्यों की? मैंने तुझे फर्श से अर्श पर पहुंचाया। दुनिया भर के ऐशोआराम दिए। तू क्यों बेवफा हो गई?
हां तूने मुझे फर्श से अर्श तक पहुंचाया।
आज बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सफल अभिनेत्री सानिया हूं मैं। हां तुझसे गद्दारी की मैंने क्योंकि तूने देश से गद्दारी की।
तूने बॉलीवुड को डरपोक और देशद्रोही कहा।
बॉलीवुड के हर कलाकार का ईमान और धर्म उनका व्यवसाय और उनकी मातृभूमि है दाद। हम अपना काम भी इमानदारी से करते हैं और देश के प्रति अपना धर्म अपनी जान पर खेल कर निभा सकते हैं। एक्टिंग हमारा कर्म है और देशप्रेम हमारा धर्म है।
एक्टिंग ऐसे ही नहीं हो जाती दाद, दिल की गहराई में जज्बा ना हो तो अदाकारी से मुअस्सर नहीं हो सकता।
नागराज और अग्निका ने हबू जंगल में मचा दिया था मौत का तांडव-
डोगा ने गुस्सा गन दाग दी।
एक-एक करके सभी आतंकवादी नीचे टपक पड़े।

वेन में आग लग गई है पिशाचनी। अब तेरी लाश इसी वेन की आग में खाक होगी।
नहीं दाद सिर्फ मेरी नहीं....

...तेरी भी। अब पिशाचनी तुझसे चिपट गई है। तेरी मौत तक तेरा पीछा नहीं छोड़ेगी।
छोड़! छोड़ मुझे।

नागराज ने हबू जंगल को स्वाह कर दिया-
जाओ सर्प सैनिकों सभी के जिस्मों से जहर चूस लो।

उठो डोगा। तुमने मेरी चुनौती की लाज रख ली सभी तीस घुसपैठियों को मार गिराया।
तुम सचमुच मुम्बई और हिन्दुस्तान की शान हो। नागराज को तुम्हारे जुनून और ताकत पर नाज है।

कुछ पलों बाद दोनों पहुंचें जलती हुई वेन के पास-
शीतिका वेन की आग बुझा रही थी।

दाद मर चुका है। सानिया ने इसे बाहर नहीं निकलने दिया। शहीद हो गई वह।
हिन्दुस्तान को अपनी ऐसी ही जांबाज बेटियों पर नाज है।

ऑपरेशन मुम्बई विनाश असफल हो गया था। वानखेड़े स्टेडियम में एक बार फिर जीत हुई थी हिन्दुस्तान की।
उधर घुसपैठिस्तान में-
एय्यार खाना। मेरी तो समझ में नहीं आ रहा कि नागराज ने हमारे आदमियों को सरहद पार करने ही क्यों दी।
अब भी नहीं समझे चीफ।
नागराज जानता था कि मुम्बई में डोगा है।
नागराज हमें दिखाना चाहता था कि अगर हमने उसकी गैर मौजूदगी में भी अपने आदमी आंतकवाद फैलाने के लिए मुम्बई भेजे तो उन्हें डोगा फाड़ डालेगा।
नागराज और डोगा जैसे धुरंधर घुसपैठिस्तान की जमीन पर पैदा क्यों नहीं हुए? अब हम क्या करें?
अपनी जमीन को हमीं लोगों ने तो नापाक कर डाला है। नापाक जमीन पर कैसे पैदा होंगे ऐसे नरकनाशक और रात के रक्षक।
अब तो अपने सभी ट्रेनिंग कैम्प बंद कर दो चीफ। आतंकवादियों पर हुई जीत के लिए हिन्दुस्तान को बधाई का ई-मेल भेजो। और मैत्री संदेश के साथ बॉर्डर पर सफेद झंडा फहराओ।
नागराज इतना खून बहा गया है कि सारे सफेद कपड़े खून साफ करते-करते लाल हो गए हैं। लानत है।
इधर मुम्बई में-
वाह! डोगा ने मारे दनादन
नागराज ने मारे ताबड़तोड़।
ये दोनों हैं बेजोड़।
इन दोनों के रहते अब कोई नहीं सकता हमारे देश को तोड़।
समाप्त

प्यारे दोस्तों, जनून

हर तरफ यही सवाल है कि क्या इतना काफ़ी है कि पड़ोसी देश हमारे देश में आतंकवाद की आग लगाते रहें और हम अपना बचाव करते रहें। क्या हमें भी उनके गुप्त हमलों का जवाब सीमा पर नहीं देना चाहिए। हमारी सरकार इस मसले पर जैसे चाहे प्रतिक्रिया करे किन्तु नरक नाशक नागराज को यह नरमदिली मंजूर नहीं, निर्दोषों का लहू बहता देख उसका खून उबाले मारने लगा। 26/11 की आतंकवादी क्रूरता का बदला लेने के लिए नागराज जा पहुंचा पड़ोसी देश धुसपैठिस्तान में। नागराज धुसपैठिस्तान के आतंकवादी कैम्प्स को नष्ट कर आया। लेकिन कुटिल धुसपैठिस्तान ने इसे धुसपैठिस्तान पर आतंकवादी हमला बता कर नागराज को ही आतंकवादी घोषित कर दिया और हिन्दुस्तान से नागराज को सौंपने की मांग कर डाली। नागराज ने खुद को धुसपैठिस्तान को सौंप दिया लेकिन बदले में धुसपैठिस्तान की जेलों में बंद पांच आतंकवादी हिन्दुस्तान के हवाले करवा दिए। धुसपैठिस्तान पहुंच कर नागराज ने धुसपैठिस्तान के कुटिल आकाओं के उसे मौत देने के इरादों को धूल में मिला दिया। नागराज नहीं बख्शेगा। जब भी पड़ोसी दुश्मन बनेगा, नागराज उसकी खाल में भुस भर देगा। जल्दी ही नागराज एक और पड़ोसी देश चिया चिन की टेढ़ी होती नजरों को नोंचने जा रहा है। आशा है नागराज और डोगा के प्रशंसकों को उनके यह नए अवतार पसंद आए होंगे। अब नरक नाशक नागराज और दनादन डोगा के परिवार में शामिल होने वाला है क्रोध केतु कोबी। इन तीनों के कारनामें आप अगामी विशेषांक अभिशप्त में पढ़ेंगे। अभिशप्त के पश्चात् नरकनाशक नागराज आपको दिखेगा आदमखोर, मृत्युजीवी और फोर्स एनाकोण्डा में। दनादन डोगा दिखेगा चेहरा, पहेली दनादन और गोली दनादन में! दोस्तों हल्ला बोल सैट में कुछ परिवर्तन करने पड़े हैं। लेवल जीरो चित्रकार सुशांत पंडा के बड़े भाई बंसत पंडा के विवाह के कारण एक सैट आगे बढ़ानी पड़ी है। इसकी जगह आपको इस सैट में डोगा की कॉमिक्स गोल्डन रेसर उपलब्ध कराई जा रही है। बंसत पंडा को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए राज कॉमिक्स परिवार की शुभकामनाऐं। प्यारे दोस्तों वर्ष 2010 राज कॉमिक्स का पच्चीसवां सिल्वर जुबली वर्ष है। जिसे राज कॉमिक्स राज रजत वर्ष के रुप में आयोजित कर रही है। इस पूरे वर्ष में आपको बेहतरीन कॉमिक्स प्रदान किए जांएगे। जिसके बारे में विस्तार से मैं आपको आगामी ग्रीन पेज में अवगत कराऊंगा।

अब एक बेहद दुखद सूचना आपको देना चाहूंगा। मनोज कॉमिक्स के जन्म दाता श्री गौरीशंकर गुप्ता जी का देहान्त दिनांक 18-11-09 को हुआ। हवलदार बहादुर, क्रुकबांड, राम रहीम जैसे सदाबहार किरदारों के द्वारा कॉमिक्स जगत का भरपूर मनोरंजन करने वाला शो मास्टर इस दुनिया से विदा हुआ। किसी जमाने में कॉमिक्स की दुनिया को नया रुप देने वाला कलाकार इस वर्ष रुखसत हुआ। मैं श्री गौरी शंकर जी को सिर्फ इसलिए नहीं जानता क्योंकि वो मेरे चाचा थे। मैं उन्हे इसलिए भी जानता हूं क्योंकि वो मेरे गुरु भी थे। एक गजब के रचनाकार श्री गौरी शंकर जी एक जीवंत व्यक्तित्व के हंसमुख इंसान थे। मेरी परमपिता परमेश्वर से यही प्रार्थना है कि वे उस अदभुत रचियता को पुनः हमारे बीच भेजें जिससे इस विश्व में मनोरंजन जगत की क्षति पूर्ति अविलम्ब हो सके।

दोस्तों अभी इतना ही अब मिलूंगा अगामी ग्रीन पेज पर।

जनून!

स्वर्गीय श्री गौरी शंकर गुप्ता जी
संस्थापक मनोज कॉमिक्स

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें: ग्रीन पेज नं. 300, राजा पॉकेट बुक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84. FORUM पर अपनी पोस्ट आप WWW.RAJCOMICS.COM पर करें।